पाठ -11 सार कैसे लिखें

सार लेखन - किसी गद्यांश के मूल भाव को समझकर संक्षेप में लिखना

अभिव्यक्त - प्रकट करना

वाक्य विन्यास - वाक्य बनाना / वाक्यों,शब्दों या पदों को यथा स्थान रखना

संचार क्रांति - भाव, विचार, जानकारी, सूचना को दूसरों तक पहुँचाने मे तेजी से परिवर्तन आना

कौशल - दक्षता, कुशल होने की अवस्था

आकाशवाणी - आसमान से आने वाली आवाज, देववाणी, ऑल इंडिया रेडियो

दूरदर्शन - विद्युत तरंगों की मदद से अत्यधिक दूर के दृश्य को प्रत्यक्ष रूप से देखने की प्रणाली

पल्लवन - विकास करना, बढ़ाना, लंबा चौड़ा हुआ

आरेख - खाका, डायग्राम

एक तिहाई - तीसरा भाग, तीसरा अंश

सूक्ति - सुन्दर कथन, बढ़िया बात, चमत्कार पूर्ण वाक्य

अक्षम्य - जिसे क्षमा न किया जा सके

अत्युक्ति - बहुत बढ़ा-चढ़ा कर कही हुई बात

अजेय - जिसे कोई जीत न सके

कृतज्ञ - उपकार को मानने वाला

उन्मूलन - जड़ सहित नष्ट कर देना

निर्जन - वह स्थान जहाँ कोई मनुष्य न हो

परिष्कृत - साफ या शुद्ध किया हुआ

प्रतिलिपि - किसी लिखी हुई चीज की नकल

हुलिया - किसी के रूप-रंग आदि का विवरण